**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 3056 / कार्य-25 / 75 दिनांक 25-4-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः– **मीडिया पर प्रकाशित नकारात्मक खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'डिग्घी धाम में बजट कम होने से अटका टंकी निर्माण : जनवरी 2024 पूरा करने का था लक्ष्य, शुद्ध जल को तरस रहे ग्रामीण'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अलियाबाद पेयजल योजना, विकास खण्ड दरियाबाद में पाइप लाइन–55 प्रति0, शिरोपरि जलाशय–20 प्रति0, बाउण्ड्रीवाल–70 प्रति0, पम्प हाउस–80 प्रति0 एवं 300 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। पाइप लाइन ज्वाइटिंग का कार्य अवशेष होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नही हो पायी थी। योजनान्तर्गत धनाभाव होने के कारण कार्य प्रभावित थे। शीघ्र ही नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4– जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6– जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7– श्री जफर अहमद, सहा0अभि0।
8– सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता